# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–18.03.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **विधानसभा में आज अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की 30 अरब, 07 करोड़, 54 लाख रुपये से अधिक की अनुदान मांग पारित, नेता प्रतिपक्ष ने गिरिडीह हिंसा का मामला सदन में उठाया।**
2. **पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के दौरान आईईडी विस्फोट, सीआरपीएफ का एक जवान घायल।**
3. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर मार्क लक्सर के साथ सीनियर महिला हॉकी टीम की कप्तान, सलीमा टेटे औपचारिक बैठक में हुई शामिल।**
4. **राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण के मुकाबले में हरियाणा, ओडिशा और मध्य प्रदेश ने पहले दिन दर्ज की जीत, झारखंड और मिजोरम के बीच मुकाबला जारी।**
5. **मौसम विभाग ने राज्य भर में 21, 22 और 23 मार्च को तेज हवा के साथ बारिश का जताया अनुमान। तापमान में कमी आने से गर्मी से मिलेगी राहत।**

***********************

झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के 12वें दिन आज सदन में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की 30 अरब, 07 करोड़, 54 लाख रुपये से अधिक की अनुदान मांग पारित कर दिया गया। गिरिडीह में होली के दिन हुई हिंसा की घटना पर जोरदार हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सदन में गिरिडीह हिंसा की घटना को सूचना के तौर पर रखा और इस पर चर्चा कराने की मांग की।

इस पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि ऐसे मामले में पक्ष और विपक्ष संवेदनशील होते हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन गृह विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा होगी, उस दिन इस मसले पर भी चर्चा की जाएगी। ऐसी घटना को लेकर राजनीति करना उचित नहीं है।

***********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में आज हुए एक आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के एक अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि जराईकेला थाना क्षेत्र के राधापोड़ा वन ग्राम के पास यह आईईडी विस्फोट हुआ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के साथ नक्सलियों के दस्ते की मुठभेड़ हो गई। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाए गए एक आईईडी को ब्लास्ट कर दिया गया जिसकी चपेट में आने से सीआरपीएफ की 134 बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया है। एसपी ने बताया कि सर्च अभियान जारी है।

***********************

पलामू जिले में ब्राउन शुगर की बड़ी खेप के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही करीब नौ लाख रूपए बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई जिले के डालटनगंज–गढवा मुख्य मार्ग पर चैनपुर थाना क्षेत्र के मंगरदाहा घाटी में की गयी। एसडीपीओ सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी मणिभूषण प्रसाद ने यह जानकारी दी।

***********************

भ्रष्टाचार निरोध ब्यूरो की टीम ने तमाड़ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दस हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिजीत चैल पर जन–वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानदारों से अवैध वसूली करने का आरोप है। एसीबी ने बताया कि तमाड़ थाना क्षेत्र के धनंजय साहू ने लिखित आवेदन दिया था। आवेदन में उन्होंने बताया था कि तमाड़ प्रखंड में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पीडीएस दुकानों से अवैध रूप से तीन हजार रूपये प्रति माह रिश्वत की वसूली कर रहे हैं।

***********************

सीनियर महिला हॉकी टीम की कप्तान, सलीमा टेटे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर मार्क लक्सर के साथ औपचारिक बैठक की और दोपहर के भोजन में शामिल हुईं। हॉकी इंडिया की टीम ने इसे गौरवपूर्ण क्षण बताया है।

******************

शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाने वाले बोकारो जिले के पुलिसकर्मी सम्मानित किए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि जिन पुलिसकर्मियों और पदाधिकारियों ने जघन्य अपराधों का बहुत कम समय में खुलासा किया, उन्हें रिवार्ड देने के लिए वरीय अधिकारियों और पुलिस मुख्यालय को अनुशंसा की जाएगी।

******************

हजारीबाग में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद उद्योग उन्नयन योजना महोत्सव का शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने किया। महोत्सव में 12 जिला के लगभग 80 स्टाल लगाए गए हैं। इस मौके पर श्रम मंत्री ने कहा कि यह योजना आम लोगों के लिए बेहद लाभदायक है। जिसके जरिए लाभुक अपना उत्पाद बाजार में बेच रहे हैं और आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

******************

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची में आदिवासी उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 'ट्राइबल इंटरप्रेन्योर कॉन्क्लेव 2025' का आयोजन हुआ। कॉन्क्लेव में स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके आदिवासी उद्यमी शामिल हुए। जहां एक मंच पर आदिवासी उद्यमिता की मौजूदा स्थिति, अवसर एवं चुनौतियों पर चर्चा हुई।

******************

देवघर जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र के इंडियन आयल की डिपो के परिसर में आग लग गई है। तेज हवाओं के कारण ये आग तेजी से फैल रही है। इस आग की चपेट में आने से तीन घर जलकर राख हो गये हैं।

******************

## खेल राउंड अप

- खूंटी स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के तीन छात्र सत्यम महतो, रौनक राज और सुधीर सांगा 21 से 29 मार्च तक आंध्रप्रदेश के गुंटूर में आयोजित मिनी ओपेन नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। सत्यम महतो अंडर–10 कंपाउंड, रौनक राज रिकर्व अंडर –10 बालक और सुधीर सांगा कंपाउंड अंडर–13 बालक वर्ग में हिस्सा लेंगे।
- झारखंड राज्य अस्मिता हॉकी लीग 2025 में आज दूसरे दिन जूनियर वर्ग में चार मैच हुए। हजारीबाग, खूंटी, सिमडेगा और बोकारो की टीम ने विजय हासिल की। सब जूनियर वर्ग में अभी तक दो मैच हुए है रांची और खूंटी की टीम विजयी रही। जुनियर वर्ग में 4 और सब जूनियर वर्ग में अभी तक दो मैच खेले गए है।
- राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024–2025 का अंतिम चरण रांची में शुरू हो रहा है, हॉकी हरियाणा, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और हॉकी मध्य प्रदेश ने अपने–अपने मैचों में जीत दर्ज करके शानदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2025 (अंतिम चरण) का उद्घाटन समारोह मारांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हुआ। हॉकी झारखंड का सामना पूल ए में हॉकी मिजोरम से हो रहा है।

******************

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों का पूर्वानुमान जारी किया है। पूर्वानुमान के अनुसार 21, 22 और 23 मार्च को तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। वहीं 19 और 20 मार्च को मौसम साफ रहेगा जबकि पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा में हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है।

***************